तिरहुतदुग्ध उत्पादकसहकारीसंघलिमिटेड, मुजफ्फरपुर
TIRHUTDUGDHUTPADAKSAHKARI SANGH LTD., MUZAFFARPUR
AN ISO 22000:2018 CERTIFIED ORGANISATION

तिमुलःगु0नि0ःस्कैपः25-26ः 6693 दिनांकः 18.11.2025

## स्कैप बिक्री हेतु निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि पशुआहार कारखाना, कॉटी के परिसर में उपलब्ध निम्नलिखित स्कैप सामग्रियों की, जो है, जहाँ है, जैसे है, के आधार पर बिक्री किया जाना हैः-

| क्र0 स0 | पशुआहार कारखाना, कॉटी में उपलब्ध सामग्रियों का नाम | मात्रा (अनमानित)* | अग्रधन राशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1. | स्कैप जूट एवं प्लास्टिक बोड़ा | 22.0 MT | 10000.00 |
| 2. | स्कैप टीन | 17000.00 पीस | 10000.00 |
| 3. | स्कैप लोहा | 1800.00 किलोग्राम | 10000.00 |

इच्छुक व्यक्ति इस कार्यालय में कैशियर के पास नगद 500/- रू0 (पॉच सौ रूपये मात्र), जो किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा, जमा कर उपरोक्त वर्णित स्कैप ब्रिकी संबंधित निविदा प्रपत्र एवं शर्त्त दिनांक 19.11.2025 से 10.12.2025 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। स्कैप का निरीक्षण भी कर सकते हैं।

मुहरबंद लिफाफा में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11.12.2025 समय 17.00 बजे तक है। लिफाफे के उपर''स्कैप हेतु कोटेशन'' लिखना आवश्यक है।

प्राप्त निविदा को 12.12.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आवेदन कर्त्ता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष कमिटी द्वारा खोला जायेगा। सफल निविदादाता की अग्रधन राशि सुरक्षा राशि में समायोजित कर लिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताए अंशतः या पूर्णतः निविदा को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

प्रबंध निदेशक

प्रति0 -सूचनापट्ट (कार्यालय)
-सभी शाखा प्रभारी
-प्रभारी, पशुआहार कारखाना, कॉटी।

P.O.-KolhuaPaigamberpur, Muzaffarpur-843108 (BIHAR)
7070992952, 7070992920 E-mail:tirhutnin@gmail.com,
timulqc@gmail.com, Website:www.sudhatimul.in

Scanned with OKEN Scanner

# तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, मुजफ्फरपुर

## स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा से संबंधित शर्ते :–

1. मुहरबन्द निविदा दिनांक 11.12.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक स्थापना शाखा में कुरियर/पोस्ट/हाथो–हाथ के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। प्राप्त निविदा दिनांक 12.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे कमिटि के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता या उनके प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित रह सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 500.00/– (पाँच सौ रू0) का बैंक ड्राफ्ट "तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0" के नाम से "मुजफ्फरपुर" में भुगतेय होगा को साथ मे संग्लन करना अनिवार्य है।
3. निविदादाओ को निविदा में आवेदन करने के लिए GST Number होना अनिवार्य है।
4. बिना अग्रधन की राशि एवं बिना GST Number के निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अग्रधन की राशि के रूप में बैंक ड्राफ्ट "तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0" के नाम तथा "मुजफ्फरपुर" में भुगतेय होना चाहिए।
5. असफल निविदादाताओं का ड्राफ्ट निविदा खुलने की तिथि से 30 दिनों के अन्दर वापस कर दिया जाएगा।
6. स्कैप का विवरण इस प्रकार हैः–

| क0 स0 | पशुआहार कारखाना, काँटी में उपलब्ध सामग्रियों का नाम | मात्रा (अनमानित)* | अग्रधन राशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 1. | स्कैप जूट एवं प्लास्टिक बोड़ा | 22.0 MT | 10000.00 |
| 2. | स्कैप टीन | 17000.00 पीस | 10000.00 |
| 3. | स्कैप लोहा | 1800.00 किलोग्राम | 10000.00 |

*उपर दिखाई गई वर्णित मात्रा अनुमानित है। इसमें घटोत्तरी या बढ़ोत्तरी संभव है।

7. यह निविदा कंडिका 6 में वर्णित मात्रा (अनुमानित) के लिए है। निविदा उपरोक्त मात्रा (अनुमानित) के लिए एक मुश्त के आधार पर उच्चतम दर पर आमंत्रित की जाती है जिसकी वैधता एक माह के लिए होगी।
8. कंडिका 6 में वर्णित मात्रा अनुमानित है। इसमें घटोत्तरी या बढ़ोत्तरी संभव है। इसलिए निविदादाता स्कैप का भौतिक निरीक्षण करने के उपरांत ही निविदा फार्म भरे। स्कैप के घटोत्तरी या बढ़ोत्तरी की स्थिति में आपके किसी भी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा। संघ के द्वारा लिया गया निर्णय आपको मान्य होगा।
9. सफल निविदादाता के द्वारा निविदा के साथ जमा अग्रधन की राशि को सुरक्षा राशि में समायोजित कर ली जायेगी। उपरोक्त सुरक्षा (जमानत) राशि संघ के पास जमा रहेगा, जिस पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। संतोषजनक कार्य समाप्ति के उपरान्त यह राशि वापस कर दिया जायेगा। संतोषजनक कार्य नहीं रहने पर सुरक्षा राशि हर्जाने के रूप समायोजित कर लिया जायेगा।
10. संबंधित सफल निविदादाताओं को कार्यादेश निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अंदर संबंधित स्क्रैप उठाना आवश्यक होगा। यदि 30 दिनों के अंदर आपके द्वारा स्कप को नहीं उठाया गया तो, आपकी सुरक्षा राशि को जब्त कर आपके कार्यदेश को रद्द कर दिया जायेगा एवं आपको काली सूची में डाल दिया जायेगा।
11. सभी स्क्रैप जो है, जहाँ है, जैसे है के आधार पर उठाना होगा।
12. सभी निविदादाताओं को केवल कर रहित अधिकतम दर देना होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य रूप में दर अंकित करने पर निविदा अस्वीकृत किया जा सकता है। सभी समाग्रीयों पर नियमानुकुल GST अलग से देना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

13. पशुआहार कारखाना, कॉंटी में उपलब्ध स्क्रैप सामग्री क्रमांक 01 एवं 02 का दर एक मुश्त के आधार पर एवं क्रमांक 03 का दर प्रतिकिलो ग्राम के आधार पर देना होगा।

14. निविदादाता या उनके कर्मी को स्क्रैप स्वयं उठाने की व्यवस्था करनी होगी तथा स्थल की पूरी सफाई करने की जवाबदेही आपकी होगी। इसके लिए संघ के तरफ से कोई मजदूर/अन्य व्यवस्था नहीं कराया जायेगा।

15. स्क्रैप उठाव के पूर्व उसकी कीमत प्रभारी भंडार के माध्यम से लेखा शाखा, मुजफ्फरपुर में जमाकर विपणन शाखा, मुजफ्फरपुर से उठाव चालान कटवाना होगा। स्क्रैप का उठाव संघ के संबंधित भंडार शाखा के द्वारा गेटपास निर्गत के उपरांत ही स्क्रैप उठाने का अनुमति होगा।

16. स्क्रैप जूट एवं प्लास्टिक बोरा और स्क्रैप टीन का उठाव श्री अमर किशोर पंडित, प्रभारी पशुआहार कारखाना कॉंटी / श्री आशुतोष कुमार, पशुआहार कारखाना कॉंटी, श्री सुरेश कु0 गप्ता/श्री आनंद मोहन सिन्हा, भंडार शाखा, तिमुल एवं सुरक्षा गार्ड/सुपरवाईजर, कॉंटी के समक्ष किया जाएगा।

17. निविदादाता या उनके कर्मी द्वारा संघ के कैम्पस में यदि किसी प्रकार का अभद्रव्यवहार किया जाता है या किसी प्रकार की चोरी या असामाजिक हरकत करता है तो निर्गत कार्यादेश को रद्द करते हुए सुरक्षा राशि को जब्त की जा सकती है।

18. विगत वर्षो 2024-25 के अंदर संघ के द्वारा निर्गत कार्यादेश के बावजूद यदि समय पर स्क्रैप नहीं उठाया गया है तो उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

19. कोई अथवा सम्पूर्ण निविदा को रद्द करने का अधिकार प्रबंध निदेशक, तिमुल के पास सुरक्षित रहेगा।

20. किसी विवाद की स्थिति में प्रबंध निदेशक, तिमुल मध्यस्थ (Arbitrator) होंगे। इनका निर्णय सर्वथा मान्य होगा। साथ ही किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में मुजफ्फरपुर व्यवहार न्यायालय हमारा दायरा होगा।

प्रबंध निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

# तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, मुजफ्फरपुर

## स्कैप बिक्री हेतु निविदा प्रपत्र

फोटो पासपोर्ट साईज स्व हस्ताक्षरित

1. निविदादाता / संस्थान का नाम :
2. निविदादाता के पिता का नाम :
3. वर्त्तमान पत्राचार का पता :
4. स्थाई पता :
   (अगर वर्त्तमान पता से अलग हो)
5. फोन/मोबाईल नं० :
6. निवास प्रमाण–पत्र :
   (स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
7. पैनकार्ड नं० :
   (स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
8. व्यक्तिगत पहचान पत्र :
   (स्वअभिप्रमाणित छायाप्रतिसंलग्न करें)
9. निविदा प्रपत्र क्रय करने का मनी रसीद सं०/तिथि :
   (छाया प्रति संलग्न करें)
10. **GST Number** :
    (**GST** लाईसेंस का छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)
11. अग्रधन राशि जमा करने का ब्योरा–

| पशुआहार कारखाना, कॉंटी मे उपलब्ध स्कैप सामग्री के लिए | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र० सं० | सामग्री का नाम | बैंक ड्राफ्ट सं०/ दिनांक | बैंक और शाखा का नाम | राशि |
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |

12. बिक्री हेतु स्क्रैप सामग्री का दर :–

| पशुआहार कारखाना, कॉंटी मे उपलब्ध स्कैप सामग्री | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र० स० | सामग्रियों का नाम | अनुमानित मात्रा | कर रहित अधिकतम क्रय दर (रू०) (एक मुश्त/प्रति किलोग्राम) | अग्रधन राशि (रू०) |
| 1. | स्कैप जूट एवं प्लास्टिक बोरा | 22.00 MT | | |
| 2. | स्कैप टीन | 17000.00 पीस | | |
| 3. | स्कैप लोहा | 1800.00 किलोग्राम | | |

13. मेरे द्वारा यह सत्यापित किया जाता है कि उपरोक्त घोषणा मेरे जानकारी के अनुसार पूर्णतः सत्य है। मेरे द्वारा कोई जानकारी छिपाई नहीं गयी है और पूरी सत्य निष्ठा से उपर लिखित जानकारी दिया गया है। यदि भविष्य में कभी भी उपर लिखित कोई जानकारी या कागजात गलत पाया जाता है तो मेरा निविदा कार्यादेश रद्द कर दिया जाय और मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाये। इस कारण हुई क्षति के लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा। मेरे द्वारा निविदा से संबंधित शर्त्ते पढ़कर समझ लिया गया है, जो मुझे मान्य है।

निविदादाता का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner